an>

Title: Need to run a new express train with AC coaches between Bagaha and Patna and also to improve railway services in Palamu parliamentary constituency, Jharkhand.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर) ः मैं केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं की तरफ दिलाना चाहता हूँ। बगहा रेलवे स्टेशन बिहार-उत्तर प्रदेश और नेपाल के बॉर्डर पर स्थित है और यह पुलिस मुख्यालय भी है। यहां से पटना और जिला मुख्यालय जाने के लिए कोई भी अच्छी ट्रेन नहीं है। जिससे यहां के लागों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बगहा से पटना तक नई एक्सप्रेस ट्रेन वातानुकूलित बोगी के साथ प्रतिदिन चलाई जाए, जो बगहा से रात्रि में 10-11 बजे खुले और सुबह-सुबह पटना पहँचा जाए और पटना से रात में 5-6 बजे खुले और रात में 10-11 तक बगहा पहँच जाए। बगहा से जिला मुख्यालय तक डेमू ट्रेन दिन भर में दो फेरे लगाती है तो इससे यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी और रेलवे को रेवेन्यू भी प्राप्त होगा। अभी कुछ दिन पहले ही माननीय मंत्री जी ने बापूधाम मोतिहारी में 10.06.2016 को घोषणा की कि बहुत ही जल्दी आपकी इन दो चिर-परिचित मांगों को मानते हुए रेलवे बगहा से पटना एक्सप्रेस ट्रेन वातानुकूलित बोगी के साथ प्रतिदिन और जिला मुख्यालय तक डेमू ट्रेन चलाई जाएगी। ये सत्याग्रह की धरती रही है, महात्मा गांधी जी ने यहीं से सत्याग्रह किया था। भारत सरकार अगले वर्ष सत्याग्रह शताब्दी वर्ष भी मनाने जा रही है। अतः निवेदन है कि बगहा से इन दोनों नई ट्रेनों को जल्द से जल्द आरंभ कराए।